# समाहरणालय, बेगूसराय
(आई0सी0डी0एस0 शाखा)
Email :- dpo.icds.begu-bih@gov.in, दूरभाष :– 9431005055


## विज्ञापन संख्या–01/2025
## अनुबंध के आधार पर ऑगनवाड़ी सेविका से महिला पर्यवेक्षिका के रिक्त पद पर नियोजन संबंधित विज्ञापन

सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि जिले में समेकित बाल विकास सेवाएँ (ऑगनवाड़ी सेवाएँ) अंतर्गत ऑगनवाड़ी सेविका से महिला पर्यवेक्षिका के पदों पर अनुबंध के आधार पर नियोजन हेतु विभागीय मार्गदर्शिका ज्ञापांक–1846, दिनांक–10.06.2010 एवं संशोधित पत्रांक–5994, दिनांक–31.12.2018 के आलोक में ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाना है। नियोजन हेतु जिले में रिक्ति से संबंधित विस्तृत सूचना जिले की वेबसाईट https://begusarai.nic.in एवं जिला प्रोग्राम कार्यालय, बेगूसराय से प्राप्त किया जा सकता है। महिला पर्यवेक्षिका के नियोजन की विस्तृत सूचना यथा– अर्हता/रिक्त पद/आवेदन देने की प्रक्रिया/विभिन्न स्तरों के लिए समय–सीमा का निर्धारण आदि संबंधित जिले की वेबसाईट https://begusarai.nic.in एवं जिला प्रोग्राम कार्यालय के सूचना पट पर प्रकाशित की जायेगी।

- ऑगनवाड़ी सेविका से महिला पर्यवेक्षिका के पद पर नियोजन हेतु ऑगनलाईन आवेदन पोर्टल का लिंक http://125.16.175.140:88/VacancyList.aspx पर अपना पंजीकरण कर आवेदन समर्पित कर सकेंगे।
- आवेदिका का न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण या समकक्ष होगें।
- आवेदिका चयन वर्ष की पहली जनवरी को 10 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण किये हों।
- आवेदिका बेगूसराय जिला क्षेत्र की स्थायी निवासी हो। इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण–पत्र अनिवार्य होगा।
- आवेदिका रिक्त पदों पर नियोजन हेतु सही–सही ऑनलाईन आवेदन विज्ञापन प्रकाशन के अगले 21 दिनों तक कर सकते हैं। आवेदिका अपने पूर्णतः भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट निकाल कर अपने पास अवश्य रखेंगे।
- चयन हेतु ऑनलाईन आवेदन का प्रिंट आउट के साथ सभी अभ्यर्थी को जाति प्रमाण–पत्र, आवास प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र, सभी अंक पत्र, जन्म तिथि से संबंधित शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा प्रद्त चरित्र प्रमाण–पत्र इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी को इस आशय का अंडरटेकिंग देना अनिवार्य होगा कि वे नियमित नियुक्ति का दावा नहीं करेंगे। वांछित प्रमाण–पत्र आवेदक द्वारा आवेदन देने की निर्धारित तिथि एवं 21 दिनों के अंदर निबंधित डाक से जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, बेगूसराय के पते पर भेजना अनिवार्य होगा।
- विज्ञापन एवं सेवा शर्तों से संबंधित सभी अधिकार, जिला पदाधिकारी, बेगूसराय के अधीन है। जिला पदाधिकारी, बेगूसराय विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते है।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

जिला पदाधिकारी,
बेगूसराय

PR- 006180 (Social Welfare) 2025-26

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

Scanned with OKEN Scanner